# श्रीकृष्णा एवेन्यु के खाली प्लॉटों और गड्ढों में भरा पानी छोड़ने से ऊर्जा कॉलोनी और आजादनगर की गलियां तालाब में तब्दील

## कालोनी में पानी निकासी न होने से बने ये हालात, एकत्रित पानी से घबराए लोगों ने विधायक सहित नपा से लगाई गुहार

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** लगातार हो रहीं बारिश के कारण शहर की कई कालोनियों में पानी निकासी की व्यवस्था न होने की बजह से रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, तो वहीं इन कालोनियों के कालोनाईजरों द्वारा इस समस्या समाधान किया गया, तो वहीं आम लोगों की परेशानी का सबब बन गई। ऐसा ही मामला बुधवार को देखने को मिला जहां शहर की पोश कालोनियों में शुमार श्रीकृष्ण एवेंन्यु में पड़े खाली प्लांटो और गड्डो में बारिश का पानी भर गया, तो उसे कालोनाईजारों द्वारा खाली कराया गया, लेकिन यह पानी समीपस्थ स्थित ऊर्जा कालोनी और आजाद नगर कालोनी में भर गया और गलिया छोटे तालाब में तब्दील हो गई,

### पैसे वालों की समस्या हल करने मजदूर वर्ग के लोगों की जोखिम में डाली जान



दरअसल शहर की विदिशा वायपास रोड़ स्थित श्री कृष्णा एवेन्यु कालोनी पोश कालोनियों में शुमार है, जहां महंगे दामों पर प्लांट खरीदार कर लोग मकान बनाकर निवास कर रहे है, तो वही दफ्तर भी है, लेकिन विगत एक पखवाड़े से जारी बारिश के कारण इस कालोनी के खाली प्लांटो और गड्डो में पानी भर गया। जिसके कारण यहां के रहवासियों का इस भरे पानी से बदबू और बीमारी का खतरा सताने लगा। जिसके चलते उन्होंने अपनी इस समस्या को कालोनाईजरो को अवगत कराया गया। इसके बाद कालोनाइजर द्वारा बुधवार की शाम को यह पानी खाली कराया गया। जो जेसीबी द्वारा गड्डो को तोड़कर खाली किया गया, जो बहकर समीपस्थ स्थित ऊर्जा कालोनी और आजादनगर की कालोनी की गलियों में भर गया। जिससे इन कालोनी में बने मकान करीब दो से तीन फिट पानी में डूब गए। तो वहीं गलिया तालाब में तब्दील हो गई। तो वहीं इतनी बड़ी मात्रा में बिना बारिश के पानी एकत्रित होने रहवासियों को काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ा। इस दौरान स्थानीय रहवासी सोहित खान मंसूरी, नासिर खान, शहरूख खान आदि ने बताया कालोनाइजरों द्वारा पैसो वालों की समस्या से निजात दिलाने के लिए हम मजदूर वर्ग के लोगों की जान जोखिम में डाल दी, क्योंकि यहा अधिकतर मजदूर लोग रहते है, इस भरे हुए पानी कोई भी विषैल जीव जंतु हो सकता है, जो किसी भी काट सकता है।

जिसके कारण रहवासियों का काफी समस्या का सामना करना पड़ा। इस सबंध में रहवासियों ने वार्ड पार्षद से लेकर क्षेत्रीय विधायक को फोन पर सूचित किया गया। जिसके बाद मौके पर पहुंची नगरपालिका की टीम द्वारा पानी की निकासी की व्यवस्था की गई, जो देर रात तक जारी रहीं। वहीं इन कालोनियों में पानी भरे जाने की जानकारी को लेकर जब श्रीकृष्णा एवेन्यु कालोनी के बाहर लगे बोर्ड पर लिखे नबंरो पर चर्चा की गई, तो उन्होंने ठेकेदार की गलती को बताते हुए समस्या का समाधान किये जाने की बात कहीं।

**रोकने के बाद भी छोड़ा गया पानी, मौके पर पहुंची नपा टीम:**
ऊर्जा कालोनी एवं आजाद नगर कालोनी में पानी भरने के बाद यह रहने वाले लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए और अपनी समस्या बताते नजर आए। इस दौरान रहवासियों ने बताया जब कालोनी में पानी छोड़ने का कार्य किया जा रहा था, तब उन्हें रोकने का भी प्रयास किया गया था, लेकिन वह नहीं रूके और उनके घरो के आगे पानी भर गया। वहीं इन कालोनियों में पानी भरने की जानकारी नगरपालिका के अधिकारियों को लगी तो उन्होंने मौके पर टीम भेजी और पानी निकासी की व्यवस्था कराई गई, जो आज सुबह तक खाली होगा।

***इनका कहना है।***

*पास की कालोनी से पानी छोड़ने के कारण ऊर्जा कालोनी और आजाद नगर में पानी भरे जाने की जानकारी मिली थी, जिसके बाद मौके पर इंजीनियर के नेतृत्व टीम भेजी गई, जिसके द्वारा पानी की निकासी की व्यवस्था कराई जा रहीं है।*

***विनोद उन्नीतान, सीएमओ नगरपालिका अशोकनगर***

### डेयरी एवं रेंस्टोरेट की जांच कर लिये नमूने

**अशोकनगर।** कलेक्टर के आदेशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा एसडीएम मुंगावली मनीष धनगर के निर्देशन में विभिन्न डेयरियों, रेस्टोंरेंट एवं किराना स्टोर की जांच की गई। संदेह के आधार पर तलैया मोहल्ला, मुंगावली स्थित गुरू नानक बेकरी का निरीक्षण कर दो प्रकार के खुले घी तथा पनीर का नमूना जांच हेतु लिया गया। साथ ही खाद्य परिसर में गंदगी पाये जाने पर सुधार किये जाने हेतु नोटिस जारी किया गया। इसी क्रम में शिवानी किराना से पैक घी, अचार मसाला तथा जीरा का नमूना जांच हेतु लिया गया एवं राज्य शासन द्वारा अधिकृत प्रयोगशाला में भेजा गया है । कार्यवाही के दौरान तहसीलदार सोनम शर्मा तथा राजस्व निरीक्षण रामकिशन अहिरवार मौजूद रहे । साथ ही बहादुरपुर स्थित अज्जू रेस्टोरेंट से विक्रय की गयी जलेबी में कीडा पाये जाने की शिकायत प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा जांच कर शिकायतकर्ता की उपस्थिति में जलेबी तथा मलाई बर्फी का नमूना लिया जाकर जांच हेतु भेजा गया है तथा मौके पर पायी गयी अनियमितताओं को दूर किये जाने हेतु खाद्य कारोबारकर्ता को

### एक नजर में

#### पांच को कारण बताओ नोटिस जारी

**अशोकनगर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास चन्द्रसेना भिड़े द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र गुन्दार की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता वंदना रघुवंशी, आंगनबाड़ी केंद्र औरंगा बेरखेड़ी की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ज्योति रघुवंशी, आंगनवाड़ी सहायिका रचना रघुवंशी, आंगनबाड़ी केंद्र सोवत की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मिलन रघुवंशी आंगनबाड़ी केंद्र सोनेरा की आंगनवाड़ी सहायिका सुवन बाई को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

#### कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को तहसील ईसागढ़ के ग्राम श्यामाटोरी पहुंचकर आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 एवं केंद्र क्रमांक 2 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में दर्ज 28 बच्चों के पोषण आहार, नाश्ता भोजन दिए जाने के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि बारिश में आंगनबाड़ी भवन में पानी का रिसाब होता है, जिससे आंगनबाड़ी केन्द्र के रिकॉर्ड के रखरखाव तथा बच्चों को बैठाने में परेशानी होती है। कलेक्टर ने उक्त भवन की मरम्मत कराये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 के निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से आंगनबाड़ी की संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकिसं ने किया प्रदर्शन

## कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर दिया धरना, ज्ञापन सौंपते हुए दिया निराकरण के लिए 15 दिन का समय

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले में किसानों की समस्याओं और नकली बीज की शिकायत को लेकर बुधवार को भारतीय किसान संघ द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय के मुख्य गेट के बाहर जोरदार प्रदर्शन करते हुए सात सूत्रीय मांगो को लेकर ज्ञापन दिया।



प्रदर्शन कर रहे किसानों ने बताया कि मुंगावली और पिपरई तहसीलों के गांवों में नकली मक्का बीज बेचे जाने मामला सामने आया, जहां किसानों ने आरोप लगाते हुए बताया है कि ये बीज अंकुरित ही नहीं हुए, और इन्हें राजस्थान के अलवर जिले के एक विक्रेता द्वारा बेचा गया। किसानों ने विक्रेता पर एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्यवाही की मांग की है।

**अनुपयोगी बीज की हो वापसी:**
प्रदर्शन कर रहे किसानों ने बताया कि अतिवृष्टि के कारण जो किसान मक्का की बुआई नहीं कर पाए, उनके पास लाखों रुपये का बीज बेकार पड़ा है। संघ ने कंपनियों से बीज की वापसी सुनिश्चित कराने की मांग की। जिले में हाल ही में हुई भारी बारिश से मक्का, सोयाबीन और अन्य फसलें बर्बाद हो गईं। किसानों ने सर्वे कराकर उचित मुआवज़ा और फसल बीमा की मांग की है। कृषि सेवा केंद्रों की पारदर्शिता संघ ने रेट लिस्ट सार्वजनिक करने और पक्के बिल जारी करने की मांग की, ताकि किसानों के साथ धोखाधड़ी न हो। बंद कनेक्शन पर बिजली बिल जारी किए जा रहे हैं। ग्राम खजुरिया नई के एक किसान कमल सिंह रघुवंशी का उदाहरण देते हुए ऐसे मामलों की जांच और सुधार की मांग की गई। ग्राम कुन्दौरा में 11 केव्ही लाइन के खंभे स्वीकृत होने के बावजूद नहीं लगाए गए हैं। साथ ही बंजारा बस्ती को एनटीपीसी लाइन से जोड़ने की भी मांग रखी गई। इसके अलावा नामांतरण, सीमांकन और बंटवारे जैसे ज़रूरी राजस्व कार्य वर्षों से लंबित हैं। किसानों ने जल्द निपटारे की मांग की। वहीं भारतीय किसान संघ द्वारा चेतावनी दी गई है कि यदि 15 दिवस में समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो संगठन द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जावेगा।

# शराब की अवैध फैक्ट्री पर कार्रवाई

**आबकारी विभाग ने माधौगढ़ में दी दबिश**

**मौके से 850 लीटर महुआ लाहन व शराब जब्त**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** आबकारी विभाग ने बुधवार को ग्राम माधोगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में छापेमारी कार्रवाई करते हुए मौके से 850 लीटर हाथ भट्टी की शराब जब्त की है। इसके साथ ही विभाग द्वारा पांच केस दर्ज किया गया है। दरअसल यह कार्रवाई की कलेक्टर और जिला आबकारी अधिकारी पी केवट के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई।

दरअसल आबकारी विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि माधौगढ़ में अवैध शराब बनाने का कार्य चल रहा है। जिसके चलते आबकारी विभाग की टीम मौके



पर पहुंचे और मौके से चार टंकियों में रखा 850 लीटर महुआ लाहन बरामद किया। इसके साथ ही 15 लीटर अवैध हाथभट्टी शराब भी जब्त की। तो वहीं मौके पर ही लाहन को नष्ट कर दिया गया। जब्त किए गए महुआ लाहन की कीमत 1,72,250 रुपए बताई गई है।

तो आबकारी विभाग ने मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) और 34(द्ध) के तहत 5 प्रकरण दर्ज किए हैं। कार्रवाई का नेतृत्व प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक सुरेश सिंह रघुवंशी ने किया। कार्रवाई के दौरान आबकारी आरक्षक अजय सिंह तोमर, वैजन्ती खरे, शिवानी भिलाला और नगर सैनिकों की टीम मौजूद थी। विभाग ने कहा है कि जिले में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।




### विदाई समारोह में दी विदाई

**शाढ़ौरा।** नगर परिषद् शाढ़ौरा मे 6 वर्षो से लेखा पाल के पद पर सेबाये दे रहे अमरदीप चंदोरिया को बिदाई दी गई श्री चंदोरिया ने मार्च 2019 को नगर परिषद् शाढ़ौरा मे पहली जॉइंटे ली थी छह साल बाद उनका स्थानांतरण ग्वालियर के भितराबार हो गया। बुधवार को स्थानांतरण के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर परिषद् अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकार बंधुओ के दुआर माला पहनाकर पुष्प गुच्छ, उपहार, शॉल, श्रीफल, भेंट कर भावभीनी विदाई दी श्री चंदोरिया बेहद ही मिष्ठभाषी एवं् मिलन सार प्रब्रती के ब्यक्ति है जिसके कारण सिर्फ शाढ़ौरा नगर परिषद् ही नही बल्कि अन्य अधिकारी कर्मचारि भी अमर दीप बाबू के नाम से जानते थे सभी ने अपने अपने बक्तब्य दिये और 6 साल के कार्यकाल को बताया। वहीं इस दौरान चंदोरिया ने अश्रुपूरित आंसुओ के साथ विदाई मे बैठे सभी का सह सम्मान आभार ब्यक्त किया और कहा की मेरे से भूल बस किसी से कोई गलत कोई गलती हुई हो तो क्षमा करें और सभी के आंखों मे आंसू झलक आये विदाई के बाद भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद रघुवंशी, सीएमओ शमशाद पठान, समस्त पार्षद गण, पत्रकार बंधु, नगर परिषद् शाढ़ौरा के अधिकारि, कर्मचारी

# फर्जी फोटो भेजने पर मोहनपुर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को हटाया

**कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान बंद थी आंगनवाड़ी**

**फोटो को एडिट कर भेजा था ग्रुप में**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रतिवेदन पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चंदेरी के अनुमोदन पर परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना चंदेरी द्वारा शिवानी शेषा आंगनबाडी कार्यकर्ता ग्राम मोहनपुर द्वितीय को तत्काल प्रभाव से पद से पृथक किया गया है।

उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास विभाग जिला अशोकनगर के समस्त परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, आंगनवाडी कार्यकर्ता/सहायिका व ब्लॉक कॉडीनेटर के संज्ञान में है कि आंगनवाडी केन्द्र खोलने व अन्य गतिविधियों दर्शाने हेतु सेक्टर ग्रुप बनाए गए है, जिनमें प्रतिदिन आंगनवाडी कार्यकर्ता व सहायिका फोटो भेजतीं है। जिसमें दिनांक व समय अनिवार्य का प्रावधान किया गया है। आंगनवाडी कार्यकर्ता शिवानी शेषा ग्राम मोहनपुर द्वितीय सेक्टर हंसारी परियोजना चन्देरी के द्वारा 11 जुलाई को समय प्रात: 8:04 मिनिट पर सेक्टर ग्रुप में भेजे है.

फांसी लगाकर की आत्महत्या
बेटी ने खिड़की से देखा तो हुआ खुलासा

अशोकनगर। जिले के शाढ़ौरा थाना अंतर्गत ग्राम बमूरिया में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान श्याम अहिरवार 45 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि श्याम ने बुधवार को अपने घर में साड़ी का फंदा बनाकर म्यार से लटककर अपनी जान दे दी। घटना का खुलासा उस समय हुआ जब श्याम की बेटी ने खिड़की से झांककर देखा। उसने देखा कि उसके पिता फंदे से लटके हुए हैं। यह देख वह घबरा गई और तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिजन दरवाजा खोलने की कोशिश करते रहे, लेकिन अंदर से कुंडी लगी होने के कारण दरवाजा नहीं खुल पाया। स्थिति गंभीर होती देख परिजनों ने घर की छत का छप्पर हटाया और किसी तरह श्याम को फंदे से उतारा। इसके बाद उसे निजी वाहन से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।परिजनों के अनुसार श्याम अहिरवार शराब पीने का आदी था और बीते कुछ दिनों से वह अत्यधिक मात्रा में शराब का सेवन कर रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और औपचारिकताएं पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।



# फांसी लगाकर की आत्महत्या, बेटी ने खिड़की से देखा तब हुआ खुलासा

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाना अंतर्गत ग्राम बमूरिया में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान श्याम अहिरवार 45 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि श्याम ने बुधवार को अपने घर में साड़ी का फंदा बनाकर म्यार से लटककर अपनी जान दे दी। घटना का खुलासा उस समय हुआ जब श्याम की बेटी ने खिड़की से झांककर देखा। उसने देखा कि उसके पिता फंदे से लटके हुए हैं। यह देख वह घबरा गई और तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिजन दरवाजा खोलने की कोशिश करते रहे, लेकिन अंदर से कुंडी लगी होने के कारण दरवाजा नहीं खुल पाया। स्थिति गंभीर होती देख परिजनों ने घर की छत का छप्पर हटाया और किसी तरह श्याम को फंदे से उतारा। इसके बाद उसे निजी वाहन से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।परिजनों के अनुसार श्याम अहिरवार शराब पीने का आदी था और बीते कुछ दिनों से वह अत्यधिक मात्रा में शराब का सेवन कर रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और औपचारिकताएं पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले की जांच जारी है।

**धर्मसभा** | **कार्यक्रम में पहुंचे जैन समाज के भामाशाह**

# पुण्य के उदय से हमें भारत माता की गोद में जन्म मिला है : सुधासागर

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** पुण्य के उदय से हमें भारत माता की गोद में जन्म मिला है भारतीय बधुआ पर विचार करने का मौका मिला है इसे सार्थक करें यदि तुम्हें आपनी माटी पर गर्भ हैं तो तुम जहां जहां से निकल जाओगे वह माटी चन्दन वन जायेगी। जव मैं आचार्यश्री के दर्शन करने रामटेक गया तो मुझे स्पेशल आशीर्वाद मिला क्यों कि मेरा गुरु पर विश्वास है कभी तुमने सोचा कि आज मैं धन्य हो गया। जिस भूमि पर तीर्थंकर भगवान का जन्म हुआ महावीर राम कृष्ण जी जैसे महान आत्माओं ने



अवतार लिया उसी माटी में मुझे जन्म लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है यदि मुझमें थोड़ी सी भी योग्यता आई है तो मैं अपनी मां भारती की सेवा करूंगा उक्त आश्य केउद्गार सुभाषगंज मैदान में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए।

बर्षो से मैंने देखा था अशोक नगर के युवाओं का उत्साह वह स्पष्ट नजर आ रहा है:अशोक पाटनी इसके पहले बुधवार को जैन समाज के भामाशाह अशोक पाटनी सुशीला पटनी अपने पूरे परिवार के साथ मुनिपुंगव श्रीसुधासागर महाराज ससंघ की चरण वंदना करने विशेष विमान से यहां पहुंचे जहां जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद, मंत्री विजय धुर्रा, कोषाध्यक्ष सुनील अखाई संयोजक उमेश सिघई सहित अन्य प्रमुख जनो ने उनका स्वागत किया। इस दौरान अशोक पाटनी ने कहा कि पिछले दिनों जितनी मेहनत अशोकनगर जैन समाज थूवोनजी कमेटी ने की है उतनी मेहनत करना आसान नहीं है वर्षो से मैं देख रहा हूं जहां जाओ अशोकनगर के युवाओं का हुजूम मिलता है गुरु की आगवानी की चर्चा पूरे देश में हैं हम लोग टेलीविजन पर देख रहे थे इतनी खूबसूरत जितना आप पिच्छिका परिवर्तन में करते हैं वैसा ही नजारा सड़को पर कर दिखाया ।

**अशोकनगर के बारे में जो सुना था उससे कहीं आगे निकला:**
श्री मति सुशीला पटनी ने कहा कि यहां के बारे में जो सुनते थे उससे कहीं अधिक देखने को मिला अशोक नगर बालों के पुण्य की बहुत प्रसन्न करेंगे आप लोगों को किशनगढ़ नारेली अजमेर पंच कल्याणक संभालना है आप को अभी से आमंत्रण दे रहे हैं। इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि आज हम अपने बीच जैन समाज के भामाशाह परिवार को पाकर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं जैन पंचायत की टीम किशनगढ़ गई थी और आज आप पूरे परिवार के साथ आये हम सम्पूर्ण समाज की ओर से आपका अभिनन्दन करते हैं।